दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए थम गया चुनाव प्रचार। मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर में बीस मई को होगा मतदान।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अब तक चार चरणों के चुनाव में विपक्षी गठबंधन को जनता ने नकार दिया है।

03. छठे और सातवें चरण के चुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज। इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चंपारण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में गर्मी के प्रकोप से जन–जीवन प्रभावित। तैंतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अरवल राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार आज समाप्त हो गया। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। पांचवें चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता छह महिला प्रत्याशियों समेत अस्सी उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में नौ हजार चार सौ छत्तीस बूथों की स्थापना की है। औसतन एक हजार आठ मतदाता प्रत्येक बूथ पर मतदान करेंगे।

————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने सीतामढ़ी के पुपरी और रून्नीसैदपुर में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अर्जुन राय के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और लोगों के सभी मसलों का हल निकलेगा। वहीं, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत विभिन्न नेताओं ने

हाजीपुर संसदीय क्षत्र के लालगंज में एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

———————————————————————

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों और विभिन्न गठबंधनों के स्टार प्रचारकों ने रैली, सभा और रोड—शो के जरिये मतदाताओं को गोलबंद करने के लिए अंतिम प्रयास किया। ब्योरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट——

मधुबनी संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अलग—अलग तरीकों से चुनाव प्रचार अभियान चलाया । महागठबंधन की ओर से राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने बिस्फी के खंगरैठा में सभा की। वहीं एनडीए की ओर से भी चुनाव प्रचार अभियान के तहत मधुबनी शहर में भाजपा नेता सह मंत्री दिलीप जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान चलाया। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान सांसद अशोक कुमार यादव और राजद उम्मीदवार अली अशरफ फातमी के बीच माना जा रहा है। उन्नीस लाख से अधिक मतदाता बीस मई को कुल बारह प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

लोकसभा चुनाव के पांचवा चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारकों ने अपने—अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। सीतामढ़ी संसदीय क्षेत्र में कैसा रहा चुनाव प्रचार। ब्योरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट——

सीतामढ़ी संसदीय सीट के लिए चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। पांचवें चरण के तहत 20 मई को यहां मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने अपने गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूरी ताकत झोंकी। नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने राजद प्रत्याशी अर्जुन राय के समर्थन में पुपरी और परिहार में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। वही उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जदयू प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के समर्थन में रोड शो किया । भाजपा से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे श्याम नंदन प्रसाद सिंह ने भी सघन जनसंपर्क किया। शांतिपर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले सभी छह विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। पड़ोसी देश नेपाल से जुड़ी सीमा को सील करते हुए सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र में एनडीए और इंडी गठबंधन के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जमकर चुनाव प्रचार किया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रचंड गर्मी के बावजूद इंडी गठबंधन और एनडीए के स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मैदान में डटे रहें। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

सारण लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के अंतिम दिन अलग–अलग प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो और जनसंपर्क अभियान चलाया गया। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात पाटलिपुत्र लोकसभा सीट की। पाटलिपुत्र बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

मगध गणराज्य की राजधानी रह चुका पाटलिपुत्र, अपने गौरवशाली अतीत के लिए जाना जाता है। वर्तमान संदर्भों में पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र का इतिहास अधिक पुराना तो नहीं लेकिन काफी दिलचस्प है। वर्ष दो हजार आठ के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आए इस लोकसभा क्षेत्र में मुख्य रूप से पटना के ग्रामीण क्षेत्र आते हैं। अब तक के तीन लोकसभा चुनावों में इस सीट से जदयू और भाजपा उम्मीदवारों को जीत मिलती रही है। वर्ष दो हजार नौ के लोकसभा चुनाव में जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को पराजित किया था। वहीं, वर्ष दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रामकृपाल यादव ने लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को पराजित किया। इस बार के चुनाव में भी भाजपा के रामकृपाल यादव और राजद की मीसा भारती के बीच ही मुख्य मुकाबला है। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखे तो पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों पर विपक्षी दलों का कब्जा है। दानापुर, मनेर और मसौढ़ी से राजद, फुलवारीशरीफ और पालीगंज से भाकपा माले तथा बिक्रम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक हैं। स्थानीय मुद्दों की बात करें तो आधारभूत संरचनाओं की कमी से यह क्षेत्र आज भी जूझ रहा है। दियारा का इलाका विकास की मुख्य धारा में शामिल होने की बाट जोह रहा है। निवर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों और मोदी की गारंटी के आधार पर अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखते हैं। वहीं, राजद प्रत्याशी मीसा भारती कहतीं है कि उनके सामने चुनौती कुछ भी नहीं है। जनता के जो मुद्दे हैं, वो उन्हीं पर चुनाव लड़ रही हैं। यह देखना काफी रोचक होगा कि क्षेत्र की जनता लगातार तीसरी बार रामकृपाल यादव पर भरोसा जताती है या फिर इस सीट पर लालू प्रसाद के परिवार का खाता खुलता है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

अंतिम दो चरणों के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी प्रमुख दल और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने  उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा और रोड–शो कर रहे हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहा है कि वे एनडीए की जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। हरियाणा के अंबाला में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अब तक के चार चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन चारो खाने चित हो गया है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि भारत की जनता एक मजबूत सरकार चाहती है। उन्होंने कहा कि एक धाकड़ सरकार ही देश को सुरक्षित बना सकती है।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की सभा सीवान के गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी मैदान में होगी। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कल बेतिया में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर संजय जायसवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज सीवान संसदीय क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी विजयालक्ष्मी देवी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री सरमा ने कहा कि संविधान हमारे लिए धर्मग्रंथ की तरह है और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने संविधान में दिये आरक्षण के अधिकार को संरक्षित किया है।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि भाजपा संविधान और आरक्षण बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री जोशी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान से छेड़–छाड़ कर आरक्षण समाप्त करना चाहते हैं।

———बाईट———

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने एनडीए सरकार पर लोगों को ठगने का आरोप लगाया है। छपरा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि पिछले दस सालों में एनडीए सरकार ने जनहित के कोई काम नहीं किये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ लोगों को नकारात्मक मुद्दों में उलझाने का काम करते रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। गर्मी के प्रकोप से जन–जीवन प्रभावित है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के सुमन ने बताया कि अगले दो दिनों तक राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हॉट डे की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट———

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए थम गया चुनाव प्रचार। मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर में बीस मई को होगा मतदान।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अब तक चार चरणों के चुनाव में विपक्षी गठबंधन को जनता ने नकार दिया है।

03. छठे और सातवें चरण के चुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज। इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चंपारण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा।

04. और, राज्य के अधिकतर भागों में गर्मी के प्रकोप से जन–जीवन प्रभावित। तैंतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अरवल राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।